## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिलासपुर में राज्य स्तरीय किसान मेला आज से

**रायगढ़।** साईंस कालेज मैदान बिलासपुर में 13 से 15 अप्रैल तक राज्य स्तरीय विशाल किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस मेले में पूरे राज्य भर से हजारों की संख्या में किसान जुटेंगे और उन्नत खेती सहित पशुपालन, मछली पालन, उद्यानिकी, खेती की तकनीकी की जीवंत जानकारी प्रदर्शनी के माध्यम से दी जाएगी। राज्य स्तरीय किसान मेले में राज्य के सभी 28 जिलों के किसान शामिल होंगे। मेले में कृषि विभाग की योजनाओं और उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### मवेशी लेकर जा रहे 4 लोगों से 34 हजार की लूट, रिपोर्ट दर्ज

**रायगढ़।** ग्राम हाथीबेड, तुमला जशपुर में रहने वाले सुद्रो यादव पिता परमानंद यादव (23) द्वारा दिनांक 11.04.2022 को थाना लैलूंगा में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता बताया कि दिनांक 10/04/2022 को अपने साथी संतु यादव पिता लेखन यादव निवासी ग्राम हाथीबेड और एवज साय पिता पुरन साय साकिन सिंगीबहार के साथ मवेशी बाजार आमापाली से 26 नग मवेशी लेकर जशपुर आ रहे थे, शाम करीब 4 बजे ग्राम चिल्कागुडा के जंगल के पास झगरपुर लैलूंगा का सलीम खान अपने स्कार्पियो वाहन में तिलकराम और दो व्यक्तियों के साथ आया और गलत तरीके से मवेशी ले जा रहे हो कहकर गाली गुप्तार कर सुद्रो यादव से 9,400 रूपये, संतु यादव से 3,100 रूपये और एवज साय से 4,400 रूपये कुल रकम 16,900 रूपये को लूटकर ले गए और इनके मवेशी को जंगल में भगा दिए।रिपोर्ट पर लैलूंगा पुलिस आरोपियों के विरूद्ध धारा 394, 34 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### 40 मीट्रिक टन कायेला की ड्रायवर ने की अफरा-तफरी, घरघोड़ा थाने मं एफआईआर दर्ज

**रायगढ़।** थाना घरघोड़ा में कृष्णा विहार रायगढ़ के रहने वाले अमेन्द्र सिंह ठाकुर पिता प्रदीप सिंह (उम्र 37 साल) द्वारा दिनांक 12.04.2022 को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि अडानी CSPDCL कंम्पनी में ट्रास्पोटिंग का काम करता है। दिनांक 11/04/2022 के शाम 06/17 बजे गारे पेलमा जीपी 3 कोल माइंस तमनार से ट्रेलर क्रमांक CG 13 AQ- 9140 में 40.450 मीट्रिक टन कोयला कीमती 2,83,150 रू. का लोड कर चालक आशीष पाण्डेय, घरघोडा रेल्वे साईडिंग खाली करने रवाना किया गया था जो उक्त ट्रेलर वाहन में लोड कोयला को चालक के द्वारा घरघोडा रेल्वे साईडिंग में खाली न कर कही और अफरा तफरी कर दिया। ट्रेलर का GPS ट्रेक करने पर उक्त ट्रेलर में लोड कोयला सन स्टील प्लांट बडे गुमडा में खाली होना पता चला है। ट्रेलर का चालक एवं सन स्टील प्लांट प्रबंधन बडे गुमडा के साथ मिली भगत कर ट्रेलर में लोड कोयला को गंतव्य स्थान न पहुंचाकर अफरा तफरी कर गबन कर दिये है, लिखित रिपोर्ट पर ट्रक के चालक आशीष पाण्डेय पर धारा 407 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला रक्षा टीम ने सखी वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं को दी घरेलू हिंसा व साइबर क्राइम की जानकारी

**रायगढ़।** जिला महिला सरंक्षण अधिकारी चैताली राय तथा जिला पुलिस महिला रक्षा टीम ने दिनांक 12.04.2022 को चक्रधरनगर स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर जाकर सेंटर में रह रही महिलाओं को विधिक सहायता, महिलाओं से संबंधित अपराध तथा बचाव के संबंध में बताया गया। जिला महिला सरंक्षण अधिकारी चैताली राय द्वारा महिलाओं को प्रशाशन से मिलने वाली सहायता राशि एवं कानूनी प्रक्रिया में मिलने वाले सहायता के संबंध में विस्तार से बताया गया। पुलिस महिला रक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक अंजना केरकेट्टा द्वारा महिलाओं को महिला उत्पीड़न को सहने के बजाय उसका मुकाबला करें पुलिस के समक्ष लाये ताकि महिलाओं के न्याय मिले और दोषियों को सजा।

# ओबीसी वर्ग के शेष बचे हितग्राहियों का बनवाएं राशन कार्ड : कलेक्टर सिंह ने समय-सीमा बैठक में दी निर्देश

**रायगढ़।** जिले में निवासरत ओबीसी वर्ग के शेष बचे सभी हितग्राहियों का पात्रतानुसार राशन कार्ड बनाये जाने है। इसके लिए खाद्य विभाग के साथ सभी सीईओ जनपद व नगरीय निकाय के अधिकारी समन्वय कर कार्ड बनाने का कार्य तेजी से पूर्ण करें। उक्त निर्देश कलेक्टर भीम सिंह ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।





कलेक्टर सिंह ने अस्पतालों में स्थापित किए जा रहे ब्लड बैंक तथा हमर लैब के निर्माण कार्य के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने खरसिया के सिविल अस्पताल में बनाए जा रहे हमर लैब तथा ब्लड बैंक की फिनिशिंग का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने हाट-बाजार क्लीनिक में रोस्टर बनाकर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को भेजने के लिए कहा। साथ ही डॉक्टरों के रोस्टर का पहले से ही संबंधित हाट-बाजार में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा। जिससे उस विशेषज्ञ चिकित्सक से इलाज कराने के लिए मरीजों को पूर्व में ही सूचना मिल सके। कलेक्टर सिंह ने धन्वंतरि मेडिकल स्टोर के संचालन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने रायगढ़ में शासकीय जिला चिकित्सालय परिसर में भी धन्वंतरि मेडिकल स्टोर शुरू करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में गोधन न्याय योजना के संचालन की गौठानवार समीक्षा की। उन्होंने वन विभाग के अपूर्ण गौठानों को लेकर गहरी नाराजगी जतायी तथा सभी गौठानों को पूरा करते हुए शीघ्र गोधन न्याय योजना का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठानों में गोधन न्याय योजना शुरू होने के पश्चात ही उसे सक्रिय गौठान माना जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में जैविक खेती के रकबे को बढ़ाने के लिए विभाग को विशेष रूप से प्रयास करना है। उन्होंने किसानों के बीच फसल विविधिकरण को भी प्रोत्साहित करने के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने दलहन, तिलहन व अन्य फसल लेने वाले किसानों के भी केसीसी बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने राजीव गांधी आश्रय पट्टा तथा मुख्यमंत्री आबादी पट्टा के तहत भूमि स्वामी हक प्रदान करने की योजना सभी नगरीय निकायों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक संख्या में हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु प्राप्त आवेदनों पर तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। कलेक्टर सिंह ने लोक सेवा गारंटी के तहत लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने प्रकरणों के ऑनलाईन पंजीयन के साथ ही लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में लोक सेवा गारंटी के आवेदनों को लिए जाने तथा उसके समय-सीमा में निराकरण की कार्यवाही होनी चाहिए तथा इससे जुड़ी सभी जानकारियों के संधारण की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

बैठक में आयुक्त नगर निगम एस.जयवर्धन, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**टैंकर मुक्त शहर के लिए बनेगी कार्ययोजना-** कलेक्टर सिंह ने बैठक में जिले के सभी नगरीय निकाय के अधिकारियों को उनके निकाय को टैंकर मुक्त शहर बनाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरों में पाईप लाईन से जलापूर्ति की समुचित व नियमित व्यवस्था होनी चाहिए। कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत रनिंग वॉटर सप्लाई व नल कनेक्शन विस्तार से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गयी।

## एसडीएम रायगढ़ ने तहसील कार्यालय में किया कार्य विभाजन

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशानुसार एसडीएम रायगढ़ द्वारा रायगढ़ अनुभाग के तहसील रायगढ़ में नायब तहसीलदार विद्याभूषण साव को नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ किए जाने के फलस्वरूप न्यायालयीन व कार्यालयीन कार्य को सुचारू रूप से संपादन हेतु तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के मध्य कार्य विभाजन तहसील कार्यालय रायगढ़ में पदस्थ तहसीलदार व नायब तहसीलदार के मध्य पटवारी हल्का नंबरों का कार्य विभाजन किया गया है।

डिप्टी कलेक्टर (परि.)/तहसीलदार रायगढ़ एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी रायगढ़ गगन शर्मा को प.ह.नं. 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 46, 47î, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60 प्रभारी अधिकारी कानूनगो शाखा, वालिसबाकी नविस, नायब नाजिर शाखा तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य शामिल है।

नायब तहसीलदार रायगढ़ एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी रायगढ़ विद्याभूषण साव को प.ह.नं.1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21 प्रभारी अधिकारी आय, अस्थाई जाति, निवास, समय-सीमा, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, आरटीआई से संबंधित आवेदनों का निराकरण एवं अंतिम हस्ताक्षर, मरणासन कथन (सोम, मंगल, बुध, रवि)तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य शामिल है। नायब तहसीलदार (परि.)रायगढ़ एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी रायगढ़ श्रुति शर्मा को प.ह.नं. 8, 9, 10, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45 एवं 61 प्रभारी अधिकारी नकल शाखा, भूईयां शाखा, मरणासन कथन (गुरू, शुक्र, शनि), जनदर्शन, पी.जी.पोर्टल, जनचौपाल तथा शव पंचनामा की कार्यवाही तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य शामिल है।

## जुआ रेड में पकड़े गये 13 जुआरियों से 25,500 नकदी जब्त

**कैदीमुड़ा में दो जुआ फड पर जुटमिल पुलिस की जुआ रेड कार्यवाई**

रायगढ़। पुलिस चौकी प्रभारी जुटमिल निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा आज दिनांक 12.04.2022 के दोपहर करीब 15.00 बजे कैदीमुडा में दो स्थान पर 52 पत्ते ताश से जुआ खेल रहे जुआरियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। कैदीमुडा धन्नू के मकान के पास 6 जुआरियों से 11,200 रूपये, 52 पत्ती ताश तथा राम धीरज निषाद घर पास गली में 7 जुआरियों से ₹14,300 की जप्ती की गई है। जुआरियों पर पुलिस चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) में पृथक-पृथक 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।





कैदीमुडा धन्नू के मकान के पास पकड़े गये 6 जुआरियान-

(1) अमीर हमजा पिता अली अकबर उम्र 28 वर्ष बाजीराव पारा रायगढ़ (2) नवाब अली पिता जुम्मन अली 31 साल मौदहापारा (3) सूरज शुक्ला पिता स्वर्गीय किशनलाल शुक्ला 25 साल कैदीमुड़ा (4) हिमांशु सिंह पिता प्रदीप सिंह उम्र 23 साल निवासी कैदीमुड़ा (5) विक्की चौधरी पिता रामलाल चौधरी उम्र 25 साल निवासी जूटमिल सामने गली रायगढ़ (6) अरबाज खान पिता रोशन अली उम्र 20 वर्ष साकिन जूटमिल सामने गली रायगढ़।

कैदीमुडा राम धीरज निषाद घर पास गली में जुआ खेल रहे 7 जुआरियान -

(1) गोलू चौहान पिता उत्तम साहू उम्र 32 वर्ष निवासी मेडिकल कॉलेज के पास चक्रधरनगर (2) अजहरूद्दीन पिता मोहम्मद हमीद उम्र 24 वर्ष निवासी मौदहापारा जूटमिल (3) राम धीरज निषाद पिता राम नारायण निषाद उम्र 54 वर्ष निवासी कैदीमुड़ा जूटमिल (4) गफ्फार खान उर्फ बाबू पिता जमाल खान उम्र 40 वर्ष बाजीराव पारा जूटमिल (5) रामू बंजारे पिता स्वर्गीय साधु राम बंजारे उम्र 32 वर्ष निवासी मौदहापारा जूटमिल (6) दादू साहू पिता फिरथराम साहू उम्र 24 वर्ष निवासी जूटमिल सामने गली (7) गोकुल सिंह पिता स्वर्गीय सिदार सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी बाजीराव पारा चौकी जूटमिल।

## डायल 112 की खरसिया और घरघोड़ा के वाहन में हुई गर्भवती महिला की डिलवरी

**रायगढ़।** राज्य में पुलिस, फायर और मेडिकल सेवाओं के लिये संचालित आपातकालीन सेवा डायल 112 में एक नम्बर पर तीनों सेवाएं उपलब्ध है। डॉयल 112 की सेवा गर्भवती महिलाओं के लिये विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रहा है। आज दिनांक 12.04.2022 को खरसिया और घरघोड़ा राइनो के ERV वाहन में तीन गर्भवती महिलाओं का उनके घर की महिलाओं द्वारा सफल प्रसव कराया गया है। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ बताये जा रहे हैं।



जानकारी के मुताबिक खरसिया राइनो को ग्राम गीधा की गर्भवती महिला संतोषी यादव पति प्रेम शंकर उम्र 22 वर्ष को लेबर पेन होने पर मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला था। इवेंट मिलते ही संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए डायल 112 खरसिया राइनो में कार्यरत आरक्षक भगवती प्रसाद लक्ष्मे एवं ERV वाहन के चालक संदीप दर्शन तत्काल कॉलर से संपर्क कर महिला के घर पहुँचे। गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाते समय महिला ने रास्ते में ही शिशु को जन्म दी, नवजात एवं प्रसूता को राइनो स्टाफ द्वारा सिविल अस्पताल खरसिया में भर्ती कराया गया है, दोनों स्वस्थ्य हैं।

वहीं दिनांक 11.04.2022 को ग्राम बेलपाली की महिला संतोषी मांझी को उसके परिवार की अन्य महिलाओं के साथ घरघोड़ा राइनो के स्टाफ आरक्षक दिलीप साहू व चालक नारायण निषाद द्वारा प्राथमिक स्वास्य्प केन्द्र कुडूमकेला ले जाया जा रहा था। गर्भवती महिला को दर्द ज्यादा होने पर आरक्षक दिलीप साहू एवं चालक नारायण निषाद द्वारा वाहन रोककर आवश्यक सामान वाहन में महिलाओं को उपलब्ध कराये, जहां महिलाओं द्वारा बेपर्दा वाहन पर गर्भवती महिला का प्रसव कराये, जच्चा-बच्चा दोनों को प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया गया है। इसी क्रम में आज दिनांक 12.04.2022 को भी घरघोड़ा राइनो के स्टाफ आरक्षक दिलीप साहू व चालक नारायण निषाद द्वारा लेबर पेन से तड़प रही घरघोड़ा की महिला को CHC घरघोड़ा पहुंचाया गया है।

## अँगना म शिक्षा कार्यक्रम मेला का संकुल केंद्र डोंगीतराई में हुआ आयोजन

**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार छोटे बच्चों को घर में शिक्षा देने के लिए अंगना में शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अधिकांश पुरुष वर्ग काम धंधे रोजगार और रोजी रोटी हेतु घर से बाहर रहते हैं। जिनके कारण अपने घर में छोटे बच्चे के पढ़ाई लिखाई में ध्यान नहीं दे पाते। इसलिए माताओं को प्रशिक्षित कर उनका उन्मुखीकरण करते हुए अंगना म शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत शा.उ.मा.वि.डोंगीतराई परिसर में गत दिवस अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बच्चों को घर पर उपलब्ध संसाधनों से घर पर ही सिखाकर लर्निंग लॉस को पूरा करने में योगदान देने वाली माताएं हुए स्मार्ट मदर के खिताब से सम्मानित की गईं। उक्त कार्यक्रम में प्राथमिक शाला डोंगीतराई एवं आंगनबाड़ी केन्द्र डोंगीतराई के बच्चे पालक एवं माताएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक विद्यालय डोंगीतराई के महिला शिक्षिकाओं ने किया। प्रधान पाठिका जयश्री दीवान मास्टर ट्रेनर थीं। उक्त अवसर पर संकुल शैक्षिक समन्वयक वीरेन्द्र कुमार चौहान एवं हायर सेकंडरी डोंगीतराई के व्याख्याता सन्ध्या साहू ने माताओं को सम्बोधित किया।। समन्वयक वीरेन्द्र चौहान द्वारा मेले के सभी काउंटर पर माता और बच्चों के लिए सीखने के गतिविधियों को स्पष्ट किया। साथ ही स्मार्ट माता के रूप में चयनित माताओं में हरिप्रिया वैष्णव, सरिता चौहान एवं राजकुमारी किशन को प्रधान पाठिका दीवान द्वारा क्राउन, स्मार्ट माता का खिताब एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया।।उक्त अवसर पर कार्यक्रम में सहयोग के लिए हमारे नायक में चयनित प्रेमा पटेल एवं संस्था के अन्य शिक्षिका कु.हरिप्रिया पटेल एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महेश्वरी पटेल ने किया। उक्त अवसर पर समन्वयक चौहान ने चयनित स्मार्ट माताओं के फीडबैक एवं दो-दो शब्दों से स्मार्ट माताओं एवं अँगना म शिक्षा पर विचार रखने और आगामी कार्ययोजना निर्माण पर चर्चा का आयोजन किया गया।



## क्षेत्र में जन चौपाल लगाकर क्षेत्रवासियों को जागरूक कर रही खरसिया पुलिस

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस क्षेत्र में "पुलिस जन चौपाल" के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं, शिकायतों को सुना जा रहा है तथा अपराधों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है। आज दिनांक 12.04.2022 को खरसिया पुलिस द्वारा ग्राम बोरदी तथा बाम्हनपाली में पुलिस जन चौपाल लगाया गया।



ग्राम बाम्हनपाली में खरसिया थाने के सब इंस्पेक्टर अमिताभ खांडेकर, महिला प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर द्वारा ग्रामीणों की सामान्य शिकायतों , समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया। एसआई खांडेकर द्वारा रहवासियों से कहा गया कि पुलिस आपके लिए है, आपके साथ है। आप के सहयोग से क्षेत्र को नशा मुक्त कराया जा सकता है , जुआ-सट्टा जैसे समाजिक बुराईयों का सफाया होगा। उपस्थित लोगों को द्वारा कहा गया कि क्षेत्र में अवैध जुआ सट्टा, शराब की सूचनाएं देंवे। एसआई खांडेकर द्वारा ग्रामवासियों को धोखाधड़ी, फेक मोबाइल कॉल, ईनामी कूपन से बचने कहा गया, ग्रामवासियों को महिला संबंधी अपराध, डायल 112 से पुलिस सहायता लेने बताया गया। ग्राम बोरदी में सहायक उपनिरीक्षक हुलस राम जयसवाल द्वारा क्षेत्रवासियों को धोखाधड़ी से बचने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया है तथा वाहन चलाते समय यातायात नियमों को पालन करने की सलाह दिया गया है।

## केले की खेती में लागत से 6 गुना मिला लाभ

**जैविक खेती से लागत हुई कम, बढ़ा मुनाफा**

**रायगढ़।** शासन की कृषि क्षेत्रों एवं किसानों के लिए बनायी गयी योजनाएं कृषि के लिए जीवनदायनी साबित हो रही है। शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने आज कृषि को किसानों के लिए लाभकारी बना रही है। चाहे वह फसल विविधिकरण से मिलने वाला मुनाफा हो या शासन की ओर से मिलने वाली आदान राशि। आज किसानों को फसल विविधिकरण के माध्यम से अच्छा दाम मिल रहा है, जिससे किसान नगद एवं व्यावसायिक कृषि की ओर अग्रसर हो रहे है।

विकासखंड बरमकेला के ग्राम बनवासपाली निवासी ईश्वर सिदार के पास 6 हेक्टेयर सिंचित रकबा है। जिसमें सिदार धान की फसल लेते है। कृषक ईश्वर सिदार को कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2021-22 में राजीव गांधी किसान न्याय योजनान्तर्गत धान के बदले दलहन, तिलहन, मक्का और अन्य फसल (उद्यानिकी फसल) को लगाने के लिए प्रेरित किया गया गया था। धान फसल के बदले कोई अन्य फसल लेने पर प्रति एकड़ 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता एवं अन्य लाभ के बारे में जानकारी दी गई। जिसके उपरान्त कृषक सिदार के द्वारा धान के बदले 2 हेक्टेयर में उद्यानिकी फसल में परिवर्तित करने की सहमती जताई गयी। इस योजनान्तर्गत फिर उद्यान विभाग की तरफ से केला, ड्रैगनफ्रूट और आम पौधा प्रदाय किया गया। जिसमें कृषक के द्वारा 1.60 हेक्टेयर में केला फसल, 0.280 हेक्टेयर में आम फसल और 0.120 हेक्टेयर में ड्रैगनफूरट का फसल लगाया गया।



कृषक ईश्वर सिदार द्वारा धान फसल के बदले में उद्यानिकी फसलों की खेती करने से धान फसल की आय की तुलना में उद्यानिकी फसल से आय में वृद्धि हुयी है। उन्हें उद्यानिकी फसल लगाने में प्रथम वर्ष काश्त लागत 1 लाख से 2 लाख रूपए तक आयी। जिसमें अभी प्रथम वर्ष मात्र केला को विक्रय कर लाभ 6-7 लाख रूपए प्राप्त हो चुका है। इस परिवर्तित फसल उत्पादन के दौरान कृषक को बहुत फायदा हुआ है। जिससे कृषक के द्वारा इस योजना के दौरान खुशी जताई गयी। उक्त कृषक के द्वारा धान के बदले उद्यानिकी फसल के खेती किये जाने से अन्य कृषकों पर भी प्रभाव हुआ है। अन्य कृषकों के द्वारा भी भविष्य में इस योजनान्तर्गत धान के बदले में अन्य फसल को लेने हेतु सहमती जताई गयी है।

**सिदार ने किया जैविक खेती, लागत हुई कम बढ़ा मुनाफा-** कृषि एवं उद्यान विभाग के मार्गदर्शन में विभागीय अधिकारियों के परामर्श पर सिदार द्वारा खेतों की जुताई कर रोपण करने की सही विधि, उचित समय बताकर रोपण करने के लिये कहा गया, समय पर रोपण/ उगाने से और उचित मात्रा में खाद उर्वरक, जिंक, बोरान जैसे अन्य सूक्ष्म पोषक तत्व भी प्रदान किया गया साथ ही खाद में जैविक खाद (केचुआ खाद) का अधिक से अधिक उपयोग करने को कहा गया। कीट प्रबंधन के लिए विभाग से नीम तेल दवा (नीमेक्स) भी प्रदाय की गयी थी, जिसे सिदार द्वारा छिड़काव किया गया। उर्वरकों और कीटनाशकों का छिड़काव शाम के समय करने की भी सलाह दी गयी। इन सभी विभागीय मागदर्शन के द्वारा उद्यानिकी फसल की खेती किया गया। जिससे फसल पर रोग एवं कीट कम हुई। इसके कारण पौध संरक्षण पर आने वाली लागत में कमी आयी और उत्पादन में भी वृद्धि हुयी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480